(नैक द्वारा A++ ग्रेड प्रत्यायित)

# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

संख्या : लविवि / पनिका / 25– 514

**दिनांकः 09.12.2025**

**कार्यालय ज्ञाप**

एतत्द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि स्नातक / परास्नातक एवं डिप्लोमा आदि की **विषम सेमेस्टर दिसम्बर–2025 के** नियमित परीक्षा **(प्रथम सेमेस्टर के प्रवेशित छात्रों)** के ऑनलाइन परीक्षाफार्म लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइड पर (Samarth Students Login) के माध्यम से भरने की अंतिम तिथि **दिनांक 20.12.2025 निर्धारित की जाती है।**

1. विश्वविद्यालय में प्रवेशित छात्र / छात्रा प्राप्त एनरोलमेन्ट के आधार पर अपना लॉगिन बनाकर परीक्षाफार्म भरने की प्रक्रिया पूर्ण करेंगे। ऑनलाइन भरे गये परीक्षाफार्म को प्रिन्ट अपने सम्बन्धित संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / निदेशक कार्यालय में जमा करेंगे।
2. विश्वविद्यालय में प्रवेशित छात्रों को परीक्षा शुल्क नही जमा करना है, केवल सावधानीपूर्वक परीक्षाफार्म भरकर सम्बन्धित कार्यालय में जमा करना है।
3. महाविद्यालयों में प्रवेशित छात्र / छात्राओं का एनरोलमेन्ट नम्बर महाविद्यालय के समर्थ लॉगिन पर उपलब्ध है।
4. महाविद्यालयों के छात्र परीक्षाफार्म भरने से पूर्व अपने महाविद्यालय से सम्पर्क कर एनरोलमेन्ट नं0 प्राप्त करने के उपरान्त ही परीक्षाफार्म भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ करेंगे।
5. प्रथम सेमेस्टर में प्रवेशित समस्त नियमित छात्रों द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर (Samarth Students Login) पर रजिस्ट्रेशन के उपरान्त परीक्षाफार्म भरे जायेंगे।
6. परीक्षार्थी पूर्ण सावधानीपूर्वक अपने कोर्स का चयन करेंगे, तत्पश्चात् अपने प्रश्नपत्रों का चयन करते हुए परीक्षाफार्म पूर्ण करेंगे।
7. परीक्षा फार्म को भॅलीभॉति जॉचकर विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क के साथ विद्यार्थी द्वारा अपने महाविद्यालय में जमा किया जाना है।
8. प्रवेशित छात्रों के ई–मेल / मोबाइल न0 / विषय / प्रश्नपत्र आदि के संशोधन की व्यवस्था महाविद्यालय के समर्थ लॉगिन पर उपलब्ध है।
9. परीक्षाफार्म को लॉगिन के माध्यम से अग्रसारित करते हुए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि तक परीक्षा शुल्क एवं नामांकन शुल्क महाविद्यालय द्वारा समर्थ पोर्टल पर उपलब्ध ई–मैनडेट के माध्यम से ऑनलाइन शुल्क जमा किया जायेगा।
10. छात्र ऑनलाइन भरे गये परीक्षा फार्म में किसी प्रकार की त्रुटि / समस्या हेतु **WhatsApp No. 7991200609, 7991200506** एवं **E-mail ID.** samarthexamlu@gmail.com पर **WhatsApp** या ई–मेल कर सकते है।

**समस्त महाविद्यालयों द्वारा अपने महाविद्यालय में भरे गये परीक्षाफार्म के साथ समस्त छात्रों के माईग्रेशन / टी0सी0 संलग्न कर सूची विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क रसीद के साथ दिनांक 22.12.2025 तक परीक्षा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय में अनिवार्य रूप से जमा किया जायेगा।**

9.12.2025

**परीक्षा नियंत्रक**
**लखनऊ विश्वविद्यालय।**

**पृष्ठाकंन संख्या एवं दिनांकः उपरोक्त।**
**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति महोदया के अवलोकनार्थ।
2. सम्बन्धित संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष।
3. कुलसचिव।
4. वित्त अधिकारी।
5. कुलानुशासक।
6. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या, सहयुक्त महाविद्यालयों को इस आशय से प्रेषित कि अपने महाविद्यालय से सम्बन्धित छात्रों को सूचित कर उनके परीक्षाफार्म निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन भरवाने का कष्ट करें, जिससे तिथि समाप्त होने के उपरान्त छात्रों को अनावश्यक कठिनाई का सामना न करना पड़ें।
7. निदेशक, आई0पी0पी0आर0।
8. उप कुलसचिव परीक्षा / गोपनीय / प्रभारी, वेवसाइट।
9. कार्यालय अधीक्षक परीक्षा / कक्षा सहायक, (सम्बन्धित कक्षा)।
10. परीक्षा नियंत्रक कार्यालय।

9.12.2025

**परीक्षा नियंत्रक**
**लखनऊ विश्वविद्यालय।**